हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 13 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40 .4 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

11 तीन अवैध कॉलोनियों में निर्माण को किया नष्ट...


12 निकासी न होने से नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर ...


खबर संक्षेप

### कुविः स्थगित हुई परीक्षाएं 18-29 मई को होगी

**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार परीक्षा शाखा द्वारा 9 व 10 मई को स्थगित हुई परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की अधिसूचना जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 9 मई 2025 को स्थगित की गई परीक्षा अब 18 मई को तथा 10 मई को स्थगित हुई परीक्षा अब 29 मई को आयोजित की जाएगी। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि परीक्षा का समय वही रहेगा जो पहले अधिसूचित किया गया था।

### केयू न्यूज लेटर के द्वितीय एडीशन का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव ले डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के केयू न्यूज लेटर के द्वितीय एडीशन का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलसचिव ले. विरेंद्रपाल ने कहा कि ह्यकेयू न्यूज लेटर विश्वविद्यालय की उन्नति हेतु आंतरिक और बाहरी जनसंपर्क का कार्य कर रहा है जो कि विकसित समाज और विकसित भारत के विजन के लिए महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

### जॉब फेयर का आयोजन 14 को

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में व्यवसाय सिविगं टेक्नोलॉजी, कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकेनिकल, एसओटी, ड्रेस मेकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रयूमेंट मैकनिकल से आईटीआई पास/अपीयर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थाई रोजगार मुहैया करवाने के लिए 14 मई 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में जॉब फेयर करवाया जा रहा है। इस कंपनी में शिक्षुता का सटाई फंड, रेगुलर जॉब की सैलरी 15 हजार रुपए प्रति महीना के साथ ओवर टाईम की सुविधा भी दी जाएगी।

### मारपीट के आरोप में 5 के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर।** लेन देन को लेकर हुई कहासुनी में पांच लोगों ने एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। गांव खिजरी निवासी राकिब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बागपत निवासी जाहिद के साथ लेन देन को लेकर झगड़ा चला आ रहा है। इसी बात को लेकर उनकी एक बार फिर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर रोपी जाहिद ने अपने चार अन्य साथियों महरूफ, सुबाना, इसरान व भूरा के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया।

### पानीपतः अवैध ट्यूबवेल पर कार्रवाई हो

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता यशपाल मलिक ने केन्द्रीय भू तल एवं परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर पानीपत में जीटी रोड पर लालबती चौक से लघु सचिवालय तक बने होटल मालिकों द्वारा बिना विभाग की अनुमति के जीटी रोड पर अपने होटल के उपयोग के लिए ट्यूबवेल लगाए जाने का आरोप लगाए और इन पर कार्रवाई की मांग की।

### लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत से रोहतक जा रही पैसेंजर ट्रेन में सवार प्रदीप निवासी शिवाजी कालोनी, रोहतक के बैग से तीन सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के कड़े, एक गले की चेन, लोकेट व सात हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली गई। प्रदीप की शिकायत पर एक युवक व युवती पर केस दर्ज किया है।

दोस्त की बहन से छेड़छाड़ करने वाले को समझाना पड़ा महंगा

## ऑटो में आए हमलावरों ने युवक की चाकू घोंपकर कर दी हत्या

- विदेश जाने की तैयारी कर रहा था युवक इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम
- पुलिस ने पिता-पुत्र समेत कई हमलावरों पर किया हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


मृतक हार्दिक का फाइल फोटो।

एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। अस्पताल में उपचार से पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की और मौके से साक्ष्य भी जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। घटना रविवार देर शाम की है। खोजकीपुर गांव में अजीत नगर के रहने वाले 19 वर्षीय हार्दिक पर उस समय चाकुओं से हमला हो गया जब वह अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। युवक की कमर और पेट पर चाकू के दो वार किए गए थे। खून से लथपथ हालत में उसे अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महेश नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। दोस्त ऋषभ ने बताया कि हार्दिक के दोस्त की बहन को हमलावर तंग करते थे। हार्दिक अपने दोस्तों के संग खोजकीपुर के मैदान में खड़ा था। इसी बीच हमलावर गुजरने लगा तो उसे केवल इतना समझाया गया था कि दोबारा दोस्त की बहन को तंग नहीं करना है। इतने में युवक ने तैश में आकर एक ऑटो में 10 युवकों को बुला लिया। उन्होंने आते ही हार्दिक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के आरोप हमलावर व उसके पिता पर लगाए गए है। पड़ोसियों के अनुसार हार्दिक अपनी मां का इकलौता सहारा था। वह विदेश जाना चाहता था। अपनी मां को एक बेहतर जिंदगी देना चाहता था इसीलिए वह आइलेट की भी तैयारी कर रहा था। पड़ोसियों के अनुसार मां और बेटा दोनों आपस में खूब प्यार से रहते थे। घटना के बाद मां को इस बारे में सूचना नहीं दी गई कि बेटे की मौत हो गई है। लेकिन हार्दिक की बड़ी बहन यमुनानगर से आई तब उसने अपनी मां को बताया। जिसके बाद दोनों ने विलाप करना शुरू कर दिया। थाना महेश नगर प्रभारी अजीत के अनुसार मृतक के शव को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कारोबारी पर चाकू से हमला कर तीन लाख लूट ले गए

- जख्मी हालत में कारोबारी को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया

**अंबाला।** फिल्मी अंदाज में बदमाशों ने चाकू दिखाकर एक कारोबारी से लूट की है। बदमाशों ने कारोबारी पर चाकू से हमला भी किया है। इसके बाद नकद राशि लूटकर फरार हो गए। जख्मी हालत में कारोबारी को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर जाच शुरू कर दी है। घटना अंबाला छावनी के महेश नगर स्थित प्रीत नगर की है। यहां बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने कोल्ड ड्रिंक डिस्ट्रीब्यूटर व उसके बेटे की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। दरअसल निर्मल विहार के कारोबारी पिता संजीव त्रेहन (49) और उनका बेटा रौनक अलग-अलग स्कूटी पर अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बदमाशों ने उन्हें आगे-पीछे से घेर लिया। चाकू के साथ आए बदमाशों ने पहले तो दोनों की आंखों पर लाल मिर्च पाउडर फेंका। विरोध करते हुए शोर मचाया तो हमलावरों ने कारोबारी संजीव त्रेहन पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पिता-पुत्र ने शोर मचाते हुए किसी तरह बदमाशों के चंगुल से छुट कर वहां से भागकर अपनी जान बचाई। बदमाशों ने कारोबारी की स्कूटी में रखी करीब 3 से 4 लाख रुपये की राशि लूट ली। घायल संजीव को अंबाला कैंट नागरिक अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया था। उनके बेटे रौनक के भी छाती में चोट आई है। महेश नगर थाना पुलिस ने कारोबारी के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह वारदात इलाके के सीसीटीवी में कैद हो गई।

## हेयर सैलून संचालक पर सुए से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** सैलून संचालक को सुएं से हमला करके घायल करने के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी।

बर्फ तोड़ने वाले सुएं से सैलून संचालक पर हमला करके घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी।

फरकपुर थाना प्रबंधक जनक राज ने बताया कि शहर की अमरपुरी कॉलोनी निवासी ईशरार ने उन्हें शिकायत दी थी कि उसने जगाधरी वर्कशाप मार्ग पर न्यू सलमान हेयर सैलून के नाम से दुकान बना रखी है। गत 24 अप्रैल को दुकान पर अपने साथी नदीम के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान वहां पर रुमाल से मुंह ढ़ापकर एक युवक पहुंच गया और बाल कटवाने के लिए उसका नंबर शाम को लगाने की बात कहकर चला गया। इसके पांच मिनट बाद आरोपी दोबारा वहां पहुंच गया और किसी बात को लेकर सैलून संचालक ईशरार से कहासुनी करने लगा। आरोप है कि इस दौरान बात बढ़ने पर आरोपी ने बर्फ तोड़ने वाले सुएं से उस पर हमला कर दिया। हमले में ईशरार बूरी तरह घायल हो गया।

पुलिस ने उस समय पीड़ति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की। तलाश के दौरान पुख्ता सबूत मिलने पर मामले के आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी।

## हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



रविवार की देर रात एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस में शव व ट्रक को कब्जे में लिया है। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। दरअसल अंबाला शहर के बलदेव नगर इलाके में रविवार देर रात नागेंद्र सिंह नामक युवक अपनी बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने नागेंद्र को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव व ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक युवक अंबाला के एक नामी रेस्टोरेंट में शेफ का काम करता था। वह अपनी ड्यूटी खत्म कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रक ने पीछे से उसमें टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, रेस्टोरेंट स्टाफ घटना का दुख जताया है।

## नीलोखेड़ी से लापता व्यक्ति का शव नाले से मिला, तीन दिन से था गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


नाले से निकाला गया शव।

अंबाला छावनी के पक्की सराय नाले से पुलिस को एक व्यक्ति का शव मिला है। शव को नाले से बाहर निकलवाया। शव गली सड़ी हालत में है हालांकि राइट बाजू पर नाम लिखा होने के कारण पुलिस ने शव की पहचान कर ली है। सोमवार सुबह कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि पड़ाव थाना क्षेत्र के पक्की सराय नाले में एक शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद यह सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। शव की पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वहीं, इलाका पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना पास की ही पड़ाव थाने में दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की राइट बाजू पर उसका नाम संजीत गुदा हुआ है जिससे पुलिस ने उसकी पहचान कर ली। एसएचओ धर्मवीर की मानें तो मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है। मृतक करनाल नीलोखेड़ी के पास रायपुर राम गांव का रहने वाला है। दो-तीन दिन से लापता था।

कुरुक्षेत्र के अयान खान ने जीता बॉलीवुड का दिल

## सलमान खान और कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म में निभाएगा अहम किरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मुम्बई के उभरते हुए बाल कलाकार अयान खान ने कम उम्र में ही बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में अयान ने फिल्म 'चंदू चैंपियन' में अभिनेता कार्तिक आर्यन के बचपन का किरदार निभाया, वहीं बहुचर्चित फिल्म 'सिकंदर' में वह बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के बेटे की भूमिका में नजर आएंगे। दोनों फिल्मों में उनके अभिनय की सराहना की जा रही है। आज अयान अपने पिता व फिल्म अभिनेता हसन अली खान के साथ उनके पारिवारिक मित्र, अभिनेता व निर्देशक चंद्र अग्रवाल से मिलने उनके निवास कुरुक्षेत्र पहुंचे। मुलाकात के बाद अयान ने पत्रकारों से बातचीत भी की, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय सफर, फिल्मों के अनुभव और आगे के सपनों को सांझा किया। अयान मूल रूप से गीता की जन्म स्थली ज्योतिसर कुरुक्षेत्र निवासी हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र उन्हें बेहद प्रिय है और वह हर वर्ष वहां आना पसंद करते हैं। एक छोटे गांव से निकलकर मुम्बई जैसे बड़े शहर में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाना अयान के लिए आसान नहीं था।

### सफाई कर्मचारी की उम्र को लेकर विवाद

**पानीपत।** पानीपत जिले के इसराना उपमंडल के गांव नौल्था में एक सफाई कर्मचारी की उम्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव के सरपंच बलराज सिंह ने खंड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं अधिकारियों ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार सरपंच ने बताया कि सफाई कर्मचारी पालेराम पुत्र तेलूराम की उम्र 60 साल से अधिक है। ग्रामीणों ने भी इस संबंध में कई बार शिकायत की है। सरपंच ने बीडीपीओ कार्यालय में कर्मचारी की आयु जांच और स्वास्थ्य परीक्षण की मांग की है।

## फ्लैट देने के नाम पर तीन लोगों ने व्यक्ति से हड़प लिए लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में किया मामला दर्ज

हरियाणा सरकार की आवास योजना के तहत गुरुग्राम में सस्ते फ्लैट दिलाने का झांसा देकर तीन लोगों ने शहर के एक व्यक्ति से लाखों रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़तिों की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक शहर के आजाद नगर निवासी सहनी गुलाटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बताया कि कुछ दिन पहले उसकी दिल्ली निवासी प्रार्पटी डीलर आकाश लोहिया, विकास लोहिया व संदीप से मुलाकात हुई थी। उस समय आरोपियों ने उसे हरियाणा सरकार की आवास योजना के तहत गुरुग्राम में बहुत ही सस्ते व कम रेट पर फ्लैट दिलवाए जाने का झांसा दिया। आरोपियों ने उसे बताया कि गुरुग्राम में जो फ्लैट हैं उनका क्षेत्रफल 419 वर्गगज है। जिसकी कीमत चार लाख 76 हजार रुपये है। इस फ्लैट की रजिस्ट्री पांच वर्ष बाद होगी। एडवांस बुकिंग के लिए 16 हजार 248 रुपये देने होंगे। बाकी 1959 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किश्तों में 20 वर्ष तक देने होंगे। वह उस समय आरोपियों की बातों में आ गया और चार फ्लैट खरीदने के लिए तैयार हो गया।

### खीस खाने से एक ही परिवार के नौ सदस्य बीमार

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कालोनी में गाय के पहले दूध से बने खीस को खाकर एक ही परिवार के विकास, सुनील, ज्योति, टिटो, बालेश, शिवांश, कन्हैया, सुरेश व मोनी बीमार हो गए। खीस खाने के करीब डेढ घंटें बाद सभी को उल्टी लगने लगी। पीडित परिजनों की सूचना पर आस पडोसी मौके पर पहुंची और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सूचना देकर एंबुलेंस मंगवाई और विकास, सुनील, ज्योति, टिटो, बालेश, शिवांश, कन्हैया, सुरेश व मोनी को पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां परिवार उपचाराधीन है। वहीं अस्पताल में उपचाराधीन सुनील ने बताया कि उन्होंने एक गाय पाल रखी है। रविवार को गाय ने बछड़े को जन्म दिया था। जबकि रविवार को गाय का दूध निकाल कर उसका खीस बनाया गया। पूरे परिवार ने खीस खाया और करीब डेढ़ घंटे बाद ही पूरे परिवार की हालत बिगड गई और सभी को उल्टी लगने लगी। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने खीस के सैंपल लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विदेश भेजने का झांसा देकर 11 लोगों ने युवक से ठग लिए 4.25 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

विदेश भेजने का धंधा करने वाली कंपनी के ग्यारह लोगों ने विदेश भेजने का झांसा देकर एक व्यक्ति से सवा चार लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव खुंडेवाला निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में वह रोजगार की तलाश में घूम रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर रूद्राक्ष कंपनी का विज्ञापन आया। यह कंपनी लोगों को विदेश भेजने का कार्य करती है। जिसके बाद विज्ञापन में दिए मोबाइल नंबर पर उसने संपर्क किया। संपर्क करने पर उसे कंपनी के कार्यालय पर बुलाया गया। इससे पहले आरोपितों ने पांच हजार रुपये बतौर सिक्योरिटी उससे पेमेंट जमा करवाई। यह रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए उनके अकाउंट में भेज दिए। जब कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की तो विदेश भेजने का खर्च आठ लाख रुपये बताया। इसमें से चार लाख 55 हजार रुपये पहले देने की बात तय हुई। आरोपितों ने कहा कि विदेश जाने की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान उसने आरोपितों को सवा चार लाख रुपये दिए। काफी दिन बीत गए मगर उसे विदेश नहीं भेजा गया।

खेतीबाड़ी | प्रति एकड़ 30 से 35 क्विंटल मक्का की पैदावार निकलने का किसानों ने जताया दावा

## हाइब्रिड मक्का की खेती की ओर बढ़ा किसानों का रूझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आर्थिक स्थिति मजबूत करने, भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और पानी का दोहन कम करने के उदेश्य से जिले के अधिकांश किसानों द्वारा इस बार हाइब्रिड मक्का की फसल की पैदावार की है। सरकारी आंकड़ो की मानें तो जिले में इस बार करीब तीन हजार हेक्टेयर भूमि में मक्का की फसल लहलहा रही है। किसानों के मुताबिक कम लागत में हाइब्रीड किस्म की मक्का की पैदावार प्रति एकड़ 30 से 35 क्विंटल निकलने की उम्मीद है। जिससे किसान खुश हैं।

### कम आ रही लागत

किसान जयपाल सिंह, पवन कुमार, दिलीप राणा, सुखविंद्र सिंह, बिट्टू व कुलदीप आदि का कहना है कि मक्का की खेती पर जहां लागत नाम मात्र आ रही है, वहीं इसकी पैदावार भी अधिक निकल रही है। जिससे किसानों का रुझान जिले में हाइब्रिड मक्का की खेती की ओर बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ो के मुताबिक इस बार जिले में तीन हजार हेक्टेयर भूमि पर मक्का की खेती लहलहा रही है। जो पिछले साल के मुकाबले अधिक है।


**यमुनानगर।** खेतो में लहलहाती हाइब्रिड मक्का की फसल। फोटो : हरिभूमि

### भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ रही

कृषि विशेषज्ञ डॉ. विजय पाल सहारनपुर का कहना है कि अधिक पैदावार लेने के लिए हाइब्रीड मक्का की खेती की बिजाई फरवरी माह के अंत तक कर देनी चाहिए। इस अवधि में बिजाई करने से जहां फसल की ग्रोथ बढ़ती है, वहीं उसकी पैदावार भी अधिक मिलती है। खास बात यह है कि मक्का की खेती करने से जहां पानी का दोहन कम होता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है।

### चार महीनें में तैयार हो जाती है फसल

कृषि विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि हाइब्रिड मक्का की फसल की खासियत यह है कि यह चार महीनें में पक कर तैयार हो जाती है। इसके बाद किसान मक्का की फसल के खेत में अन्य फसल की पैदावार कर सकते हैं। जिससे उन्हें वर्ष में दो से तीन फसलों की पैदावार प्रति एकड़ करने का लाभ मिल सकता है।


**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज, मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच छात्रों को सकुशल उनके घर पहुंचवाया

**पानीपत।** पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले बारामुला की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत पानीपत के छात्र मुकेश राठौर समेत प्रदेश के 16 छात्रों और पड़ोसी राज्य राजस्थान के छात्रों को सकुशल घर पहुंचाने के लिए छात्र मुकेश राठौर के अभिभावकों द्वारा पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज से बीते नौ मई को छात्रों को घर पहुंचाने की मदद मांगी गई थी। विधायक विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री मनोहर लाल से बात कर बच्चों को सकुशल उनके घरों तक पहुंचाया। बच्चों के अभिभावकों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भारत सरकार और राज्य सरकार के आभारी हैं जिनके प्रयासों से उनके बच्चे सुरक्षित घर लौट पाए । वहीं छात्र मुकेश ने कहा कि तनाव के माहौल में सभी बच्चे बहुत डरे हुए थे किन्तु सरकार ने उनकी एक मांग पर उन्हें खतरे से बाहर निकाल कर उनके घर पहुंचाया। इसके लिए वह सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर के रादौर क्षेत्र में ग्रामीणों को समारोह में पहुंचने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपते प्रधान संदीप सैनी व अन्य।

### भागीरथ जयंती समारोह में जुटेंगे हजारों लोग

**रादौर।** विशाल सैनी समिति के तत्वावधान में 19 मई को सहारनपुर के फुलवारी गार्ड में भागीरथ जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने सोमवार को दर्जनों गांव में जनसंपर्क कर लोगों को निमंत्रण पत्र दिए। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने रादौर, खुर्दबन, पोटली, ठसका, रपडी, फतेहगढ़ समेत दर्जनों गांव का दौरा किया। मौके पर सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी व सतीश सैनी ने बताया कि सहारनपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्यातिथि के तौर पर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर अनिल सैनी, दिनेश सैनी, सूरज, पदम सैनी, प्रेम सैनी, सतीश सैनी व नमन मौजूद रहे।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने सट्टा खाईवाली के 4940 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरु कर दी। बुड़िया चौक पुलिस चौकी प्रभारी गुरदयाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में जिले में आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई की जा रही है। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति इंदिरा कॉलोनी जगाधरी के पास सरेआम सट्टे की खाईवाली कर रहा है। टीम ने मौका पर जाकर पटरी मोहल्ला जगाधरी निवासी साहिल को सट्टा खाईवाली करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

*लैब से रिपोर्ट आने तक बंद रहेगा वर्कशॉप रोड पर सौंदर्यीकरण का कार्य*

# सख्त कार्रवाई: नगर निगम मेयर ने पेड़ों की बाउंड्री को तुड़वाकर ईंटों के नमूने जांच के लिए लैब में भिजवाए

- कपेड़ों की बाउंड्री में निम्न गुणवत्ता की ईंटें लगाने की मिली थी सूचना
- मेयर सुमन बहमनी ने विकास कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप मार्ग पर पेड़ की बाउंड्री तुड़वाकर ईंटों के सैंपल भरवाती मेयर सुमन बहमनी। *फोटो: हरिभूमि*

दिव्य नगर योजना के तहत शहर में तीन मार्गों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को मेयर सुमन बहमनी अधिकारियों के साथ जगाधरी वर्कशॉप रोड के सौंदर्यीकरण के कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। यहां उन्हें पेड़ों की बाउंड्री में निम्न गुणवत्ता की ईंटों लगाने की शिकायत मिली थी। मेयर बहमनी ने सड़क किनारे बने पेड़ के चारों ओर नई बाउंड्री को अपने सामने तुड़वाया और उसमें से ईंटों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लेकर लैब में भेजे। मेयर ने अधिकारियों को लैब से रिपोर्ट आने तक इस कार्य को बंद करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी सोमवार को एटीपी आशीष छाछिया, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, जेई अजय व अन्य के साथ वर्कशॉप रोड पर महिला थाना के पास पहुंची। यहां सड़क किनारे खड़े पेड़ों को गमलों का रूप देने के लिए गोलाई में बाउंड्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। मेयर सुमन बहमनी ने यहां ईंटों और निर्माण सामग्री की जांच की। मेयर ने खुद निर्माणाधीन बाउंड्री की ईंटों की जांच की। गुणवत्ता जांचने के लिए मेयर ने अपने सामने पेड़ों की बाउंड्री को मजदूरों से तुड़वाया और उसमें लगी ईंटों के नमूने भरें। इन नमूनों को निगम द्वारा लैब में भेजकर जांच कराई जाएगी। यदि लैब की रिपोर्ट में ईंटों की उच्च गुणवत्ता नहीं मिली तो एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी और यह कार्य अन्य एजेंसी से कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करें। जहां भी निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सही न लगे जांच कराएं। मेयर ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने आसपास चल रहे विकास कार्यों पर ध्यान दें। कहीं भी निम्न गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री इस्तेमाल की जा रही है तो इसकी शिकायत उन्हें दें।

#### निगम ने जारी किया एजेंसी को नोटिस

मेयर बहमनी ने बताया कि वर्कशॉप रोड पर हिसार की एक एजेंसी द्वारा सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने यहां चल रहे काम को देखते हुए एजेंसी को नोटिस किया है। सोमवार को यहां पेड़ों की बाउंड्री में लगाई गई ईंटों के नमूने भरवाए गए। उन्होंने कहा कि शहर में जहां भी विकास कार्य चल रहे हैए उन सब जगह जाकर निरीक्षण किया जाएगा। जहां भी लापरवाही या निम्न गुणवत्ता मिली तो संबंधित एजेंसी या ठेकेदार के साथ अधिकारी पर भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान: ढुल

- जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल ने सुनीं लोगों की समस्याएं
- जिले में सोमवार व वीरवार दो दिन आयोजित किया जा रहे समाधान शिविर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। सीईओ वीरेंद्र सिंह ढुल ने अधिकारियों को समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। सीईओ जिला परिषद वीरेंद्र सिंह ढुल ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। शिविर जिला सचिवालय में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुरए छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं।

#### जनता व प्रशासन के बीच हो रहा सीधा संवाद

सीईओ जिला परिषद वीरेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

#### शिविर में प्राप्त हुई छह शिकायतें

सीईओ जिला परिषद वीरेंद्र सिंह ढुल ने बताया कि समस्या समाधान शिविर में छह शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें आहड़वाला निवासी रीना ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करने बारे, बुड़िया निवासी भारत कुमार ने पुलिस संबंधी कार्रवाई करने बारे, लेदी निवासी संजीव कुमार ने लेढ़ी बस स्टैंड से शराब का ठेका हटवाने बारे, जगाधरी निवासी मयंक सिंगला ने मोबाईल टॉवर हटवाने बारे, यमुनानगर निवासी देवेन्द्र कुमार ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे व घिलौर निवासी प्रवीन दत्ता ने पंचायती जमीन से नाजायज कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी। मौके पर डीआरओ तरुण सहोता व डीएसपी कवलजीत आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर में रादौर की ओड कॉलोनी में बैठक के बाद लोगों की समस्याएं सुनते पार्षद राजीव आर्य सन्नी। फोटो: हरिभूमि

# शिव मंदिर का करवाया जाएगा जीर्णोद्धार: सन्नी

- बैठक में कालोनी के पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने लिया भाग
- ओड कॉलोनी के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार करवाए जाने को लेकर कालोनी के लोगों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर की ओड कॉलोनी में नागरिकों की आयोजित बैठक में कॉलोनी स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्वार करवाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कॉलोनी के पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने की।

पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने बताया कि बैठक में शिव मंदिर के जीर्णोद्वार करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान शिवमंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर कमेटी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिव मंदिर व धर्मशाला का निर्माण कार्य उनके दादा के सहयोग से किया गया था। अब उनके नेतृत्व में मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। यह उनके लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर कालोनी के लोगों ने पार्षद के समक्ष अपनी अन्य समस्याएं भी रखी। जिस पर पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने उनकी समस्याएं जल्द दूर करवाए जाने का आश्वासन दिया।

मौके पर चंदर, सुंदर सैनी, प्रवीन, सुखबीर, सतबीर, दीपक, मनोज कुमार, राहुल, संजू, नन्नाराम, सूरज व संजय कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जनकल्याणकारी नीतियों से सभी वर्गों को मिल रहा लाभ: राणा

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के जगाधरी निवास पर पहुंचकर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के निवास स्थान पर उनसे बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई जनकल्याणकारी नीतियों का सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने उक्त शब्द जनसंपर्क के दौरान सोमवार को जगाधरी में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के निवास स्थान पर उनसे भेंट करते हुए कहे।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। आज प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा सरकार की हर नीति जन हित में है। उन्होंने मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल से शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न विषयों पर बातचीत की। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि ने आज हमारा हरियाणा विश्व पटल पर चमक रहा है। यह हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से संभव हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जो विजन हरियाणा प्रदेश की जनता के सामने रखा है। वह निश्चित तौर पर हरियाणा को आगे ले जाने वाला है। मौके पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### दालों के दामों में दो रुपये प्रति किलो वृद्धि करने से लोग परेशान

**रादौर!** रादौर के नागरिकों ने कस्बा में कुछ करियाना के दुकानदारों द्वारा दालों के दामों में प्रति किलो दो रुपये की वृद्धि करने का आरोप लगाया है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से दुकानों पर दालों समेत खाद्य सामग्री के दामों की सूची चस्पाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी शेर सिंह, सौरभ, कमल कुमार, संदीप सैनी व कुलदीप आदि ने बताया कि एक ओर देश के जवान देश की रक्षा के लिए बॉर्डर पर हर समय खड़े हैं। वहीं, दूसरी ओर रादौर में कुछ करियाना के दुकानदारों द्वारा दालों के दामों में वृद्धि कर दी गई है। दालों के दामों में अचानक वृद्धि होने से गरीब जनता का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने दुकानदारों से दालों के दाम बढ़ाए जाने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि पाकिस्तान व भारत के युद्ध के बीच दालों के दाम बढ़ाए गए हैं।

# जिला बार एसोसिएशन जगाधरी ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को किया सम्मानित

- कृषि मंत्री के स्वागत के लिए भव्य स्वागत समारोह आयोजित
- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बार एसोसिएशन को 21 लाख रुपये का अनुदान दिए जाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर में जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित करते एसोसिएशन के सदस्य।

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा सोमवार को बार रुम के सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्षत विक्रांत सिंह ने की। उन्होंने एसोसिएसन की समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ पुष्प गुच्छा भेंटकर कृषि मंत्री का स्वागत किया। बार एसोसिएशन के प्रधान विक्रांत सिंह चौहान ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के समर्थन में समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने मौके पर देश और प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी सांझा की। उन्होंने जिला बार एसोसिएशन जगाधरी को 21 लाख की अनुदान राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में कृषि मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बार एसोसिएशन के महासचिव विशाल गर्ग अग्रवाल द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बीएस चौहान, पूर्व अध्यक्ष राम कुमार रादौरी, उपाध्यक्ष सोनिया रोहिल्ला, सह सचिव शुभम गौतम, पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार गौतम, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर, अनिल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष ब्रिजेश प्रताप, प्रमोद चौहान, भूपेन्द्र शाडिल्य, पूजा चौहान, सबीना, शिवानी ग्रोवर, प्रवीण राणा, विक्रम प्रताप, धर्मवीर सिंह चौहान व सुरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

*बुद्ध पूर्णिमा पर रादौर के त्रिवेणी गार्डन पैलेस में नागरिकों ने आयोजित किया शिविर*

# रक्तदान करके हम बचा सकते हैं दूसरों का अमूल्य जीवन: निर्मल

- शिविर में रक्तदाताओं को फलाहार वितरित किया
- मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह ने कहा- रक्त किसी फैक्टरी में नहीं बनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**रादौर।** यमुनानगर के रादौर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। *फोटो: हरिभूमि*

बुध पूर्णिमा के अवसर पर रादौर के त्रिवेणी गार्डन पैलेस में नागरिकों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। रक्तदाताओं से एकत्रित किए गए रक्त की यूनिटों को अंबाला स्थित सैनिक अस्पताल में भेजा जाएगा। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं से 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मौके पर रक्तदाताओं को फलाहार वितरित किया गया। मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि रक्त किसी फैक्टरी में नहीं बनता है। इसे एक इंसान से ही लिया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है जो दूसरों की जिंदगी बचाने में काम आता है। रक्तदान करने से मनुष्य के शरीर पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ता है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि रक्तदान करके हम दूसरो के अमूल्य जीवन को बचा करते हैं। इसलिए हमें समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर कमल घेसपुर, मास्टर रामस्वरूप, पार्षद ऋषिपाल नंबरदार, पार्षद प्रतिनिधि अमनदीप छोटाबांस, हरविंदर सिंह, मुकेश सांगीपुर, कंवरपाल फौजी, बिंदर दौलतपुर, मास्टर सतीश कुमार, बलवंत सिंह, सतीश पोटली, डॉ. बलदेव दौलतपुर, कर्म सिंह, महावीर धौलरा, दिनेश कटारिया, मनीष बुबका, ऋषिपाल आढ़ती व सुरेंद्र माधुबांस आदि मौजूद रहे।

*पांच दिवसीय वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ*

# आपदा के समय एक एक मिनट होता है बहुत महत्वपूर्ण: सीटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

जिला प्रशासन द्वारा आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के साथ काम करने वाले वॉलिंटियर्स को सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग देने के लिए एमएलएन कॉलेज यमुनानगर में पांच दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ किया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने भाग लिया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि किसी भी आपदा के समय बचाव कार्यों बारे जागरूक करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा वॉलिंटियर्स के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग कैम्प का शुभारंभ किया गया है। ताकि वे स्वेच्छा से आगे आकर इस कैंप का हिस्सा बन सकें और जब भी उनकी आवश्यकता होए उनकी सहायता ली जा सके। उन्होंने बताया कि जब सायरन रुक रुक कर बजे तो हवाई हमले की चेतावनी समझनी चाहिए तथा जब सायरन दो मिनट तक लगातार बजता रहे तो मान लेना चाहिए कि अब कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा के समय एक एक मिनट बहुत महत्वपूर्ण होता है। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि आपदा की स्थिति में भ्रामक प्रचार से दूर रहें। अफवाहों से बचें। वहीं, कमांडिंग ऑफिसर अमरजीत सिंह ने पहले दिन युवाओं को सायरन की आवाज से मिलने वाली सूचनाओं के बारे में जानकारी दी। आपदा प्रबंधन की टीम के सदस्यों ने मॉक ड्रिल से घायल व्यक्ति को कैसे बाहर निकाला जा सकता है। इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल ने जिला प्रशासन का सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग को एमएलएन कॉलेज परिसर में करवाने के लिए धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### बाबा श्रीसैन भगत सेवा समिति की बैठक आयोजित

**पिहोवा।** बाबा श्रीसैन भगत सेवा समिति रजि. पिहोवा की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी सदस्यों ने सैन भगत जी को पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए सर्वसम्मति से आगे काम करने की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में सैन भगत सेवा समिति के प्रधान रोशन लालआजाद, उप प्रधान सुनील कुमार एवं बलदेव कुमार, कोषाध्यक्ष लाभ सिंह, जनरल सेक्रेटरीक्ष नरेंद्र कुमार, जॉइंट जनरल सेक्रेटरी बलवान सिंह, सदस्य अशोक कुमार श्रवण कुमार बृजेश कुमार रविंद्र कुमार नरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

### शिक्षकों और कर्मियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एक शिक्षक व छह गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### विक्टिम केयर एंड स्पोर्ट सिस्टम के बारे में बताया



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेऐम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा जिले में जागरूकता शिविर चलाए जा रहे हैं, जिसके तहत पैनल अधिवक्ता आशीष देसवाल, पीएलवी अमनप्रीत द्वारा गांव जंडोला व कलाल माजरा में लोगों को बच्चों के लिए नालसा स्कीम, मानसिक रोगियों और दिव्यांग व्यक्ति के लिए नालसा स्कीम, विक्टिम केयर एंड स्पोर्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. का त्रिवार्षिक सम्मेलन 14 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का त्रिवार्षिक सम्मेलन 14 मई को नॉन टीचिंग क्लब कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में 10 बजे होगा। मीटिंग में 3 साल का लेखा-जोखा व किए गए कार्य का ब्यौरा रखा जाएगा। इस दिन 80 साल पूरे करने वाले पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा। मीटिंग में अगले 3 वर्ष के लिए पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव होगा।

## डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को हटाया

# तीन अवैध कॉलोनियों में निर्माण को किया नष्ट

- गांव मोरथली, मुर्तजापुर और पिहोवा बाईपास के नजदीक डीटीपी टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के पिहोवा के गांव मोरथली में 4 एकड़, गांव मुर्तजापुर में 21 कनाल 2 मरले व पिहोवा बाईपास के नजदीक 0.64 एकड़ में पनप रही 3 अवैध कॉलोनियों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा के पिहोवा के गांव मोरथली में 4 एकड़, गांव मुर्तजापुर में 21 कनाल 2 मरले व पिहोवा बाईपास के नजदीक 0.64 एकड़ में पनप रही 3 अवैध कॉलोनियों को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने पिहोवा में राजस्व संपदा पिहोवा के पिहोवा के गांव मोरथली में 4 एकड़, गांव मुर्तजापुर में 21 कनाल 2 मरले व पिहोवा बाईपास के नजदीक 0.64 एकड़ में पनप रही 3 अवैध कॉलोनियों में कच्ची सड़कों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा पिहोवा के गांव मोरथली में 4 एकड़, गांव मुर्तजापुर में 21 कनाल 2 मरले व पिहोवा बाईपास के नजदीक 0.64 एकड़ में पनप रही 3 अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद करने का काम किया गया है।

### बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें

*उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।*

# सत्य को नारायण के रूप में पूजना ही सत्यनारायण की पूजा : सुनील नाथ

- गुदगुदी जंक्शन समूह के धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर ने श्रीसत्यनारायण व्रत कथा अनुष्ठान किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सोशल ऑगेनाईजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह के धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर के तत्वाधान में सन्निहित सरोवर स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण एवं सूर्यनारायण मंदिर सभागार में रविवार सांय जनकल्याणार्थ संगीतमयी श्रीसत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन किया गया। पवित्र वैशाख माह एवं भगवान सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि मंदिर के पुजारी पं.राजीव शर्मा ने कथा के यजमानों संरक्षक जितेंद्र बंसल, अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़, संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता,धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रभारी संजीव सीकरी मित्तल और भक्ति सागर प्रभारी शम्मी गेरा से श्रीलक्ष्मी नारायण पूजन संपन्न कराया। तत्पश्चात श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के संरक्षक पं.जयनारायण शर्मा एडवोकेट, महासचिव रामपाल शर्मा,पृथ्वी नाथ गौतम एडवोकेट,मां शाकंभरी देवी सेवक मण्डल के अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली,पार्षद सतीश गर्ग,समाजसेवी आशीष सभ्रवाल और सेक्टर 5 कुरूक्षेत्र अग्रवाल सभा के प्रधान सचिन गुप्ता एडवोकेट ने कथावाचक पंचधूणी सुनील नाथ को तिलक लगाकर दीप प्रज्वलन किया। व्यासपीठ से वैशाख माह और श्रीसत्यनारायण व्रत कथा की महिमा बताते हुए कथावाचक सुनील नाथ ने कहा कि सत्य को नारायण के रूप में पूजना ही सत्यनारायण की पूजा है। श्रीलक्ष्मीनारायण आरती में यमुनानगर से हेमंत भारद्वाज मंडोली,शाहाबाद मारकण्डा से कुलवंत शर्मा, रूबल शर्मा मथाना, गुलशन ग्रोवर, अजय गोयल, बलजीत चावला आदि मौजूद रहे।

## आयुष विवि के कुलपति प्रो. धीमान ने किया बैकेट चैलेंज स्वीकार



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध नून लौटा, बकेट चैलेंज, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम, साइकिल यात्रा एवं अनेक अन्य साधनों से जागरूकता कार्यक्रम सभी जिलों में चल रहा है। इस कड़ी में आज कुरुक्षेत्र के आयुष विश्वविद्यालय एवं शहर के विभिन्न सेक्टरों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। दो बार हरियाणा प्रान्त में साईक्लोथॉन यात्रा को पूर्ण कर चुके जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा कुरुक्षेत्र की सड़कों पर साइकिल लेकर निकले और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वे आयुष विश्वविद्यालय पहुंचे और कुलपति वैद्य प्रो करतार सिंह धीमान से भेंट कर उन्हें बकेट चैलेंज से जोड़ा। नशा मुक्त अभियान को सफल करने के साथ साथ संस्थान और अन्य स्थानों पर भविष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार की। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति ने बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हुए कहा- नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। उन्होंने कहा कि वे नशा मुक्त जीवन का संकल्प लेते हैं और अपने संस्थान के साथ-2 अन्य स्थानों पर भी इस अभियान को लेकर साथ चलेंगे।

## बार-बार चुनाव कराने में होती है संसाधनों की बर्बादी : एस.एन. शर्मा

- एक राष्ट्र, एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य चुनावों को एक साथ करवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

एक राष्ट्र, एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन, और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। एक राष्ट्र- एक चुनाव के लाभ बारे जानकारी देते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के जिला संयोजक रिटायर्ड कर्नल एस एन शर्मा ने बताया कि बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। रिटायर्ड कैप्टन एवं एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के ब्लॉक संयोजक एवं समाजसेवी तिलकराज शर्मा ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय पाल, सहसंयोजक मदन मोहन छाबड़ा के कुशल मार्ग दर्शन में यह अभियान के तहत लोगों को जानकारी व जागरूक कर उनकी राय लेकर हस्ताक्षर करवा रहे है। उन्होंने बताया कि एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा।

## गीता विद्यालय में मनाया बुद्ध पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- छात्रा सिद्धि ने भगवान बुद्ध के बारे में विस्तृत दी जानकारी

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में संचालित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन मार्ग कुरुक्षेत्र में बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से हुआ। इस अवसर पर एकादश की छात्रा सिद्धि ने भगवान बुद्ध के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सिद्धि ने बताया बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा एक प्रमुख त्यौहार है। महात्मा बुद्ध विश्व के इतिहास में सबसे महान धर्मो के संस्थापकों में से एक है। उन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की। उन्होंने सत्य और अहिंसा को जीवन का आधार बताया। बुद्ध पूर्णिमा महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं को याद करने का और उनका अनुसरण करने का दिन है। महात्मा बुद्ध के जीवन से हम सभी को सत्यनिष्ठ, सदाचारी, एवं त्यागमयी बनने की प्रेरणा लेनी चाहिए।



महात्मा बुद्ध का व्यक्तित्व मानवता ध्यान चित एवं लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शिक्षा देता है। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व ,नेपाल के लुंबिनी नामक स्थान पर हुआ था। इनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। इन्होंने कठोर तपस्या के बाद ज्ञान को प्राप्त किया। महात्मा बुद्ध ने चार सत्य और आष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया था। हम सभी को अहिंसा दया, प्रेम, एवं भाईचारे का संदेश दिया था। हम सभी को महात्मा बुद्ध के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कुछ आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए । अंत में छात्रों ने महात्मा बुद्ध की चित्रवेदी पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।




## प्रो. दलीप कुमार को सेवानिवृत्ति पर नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने सोमवार को विधि विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. दलीप कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया। कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर की अध्यक्षता में कुटा कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में प्रो. दलीप कुमार को विश्वविद्यालय में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर ने कहा कि प्रो. दलीप कुमार ने एक अच्छे शिक्षक के रूप में विश्वविद्यालय को अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता व निदेशक जैसे अहम पदों पर कार्य करते हुए विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए ईमानदारी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य किया है। इस मौके कुटा संयुक्त सचिव डॉ. मनीषा संधू एवं कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार, कुटा कार्यकारिणी के सदस्य, प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. एसके चहल, प्रो. अरविन्द मलिक, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. महाबीर रंगा, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. जसविन्द्र, प्रो. सुनील ढुल आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया नरसिंह देव का प्राकट्य उत्सव

- भगवान की आरती कर सभी भक्तो को प्रसाद बरताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नरसिंह भगवान का प्राकट्य दिवस इस्कॉन मंदिर में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तो ने भगवान की कथा और कीर्तन में भाग लिया। अध्यक्ष साक्षी गोपाल प्रभुजी ने बताया कि भगवान को अपने भक्त इतने प्रिय होते है की उनकी कहे कथन को सिद्ध करने के लिए वो कोई भी कदम उठा कसते है। हिरण्यकशिपु के पूछने पर बालक प्रह्लाद ने कहा कि भगवान खंबे में भी विराजमान है, और अपने प्रिय भक्त की इसी बात को सत्य करने के लिए भगवान नरसिंह के रूप में प्रकट हुए और दुष्ट राक्षस का वध किया। प्रभु जी ने बताया कि जो व्यक्ति नवधा भक्ति को अपने जीवन में अपना लेता है वही सबसे बड़ी विद्या है। कोई भी व्यक्ति अपनी बुद्धि और अपने प्रयास के द्वार भगवान में अपनी रति नहीं लगा सकता जबतक वह भगवान के शुद्ध भक्त की शरणागति नहीं ग्रहण करता उनके चरणों की रज अपने मस्तिक पर धारण नहीं करता। भगवान के दरबार मे कपट नहीं चलता। इसके पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने प्रह्लाद के भक्त बनने की कथा भी सुनी। समय प्रह्लाद अपनी माता के गर्भ में कथा सुन रहे थे और आगे चलकर एक शुद्ध भक्त बने। कथा के उपरांत भगवान की आरती की गई और सभी एकत्रित भक्तो को प्रसाद बरताया गया।

### नियुक्ति पर जताया दुष्यंत चौटाला का आभार



**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी ने कुलदीप जखवाला को कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष व शेखर डोगरा को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी है। कुलदीप जखवाला को जिला अध्यक्ष व शेखर डोगरा को जिला प्रवक्ता बनाए जाने पर जिला कुरुक्षेत्र के जेजेपी पार्टी के होशियार सिंह, गुरलाल सिंह, दिलबाग सिंह गोराया, कुलदीप सैनी, सूर्य प्रताप राठौड़, अनवर खान, जगमाल गोलपुरा ने रविवार को पंचकूला में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया। इस अवसर पर संगठन विस्तार बारे भी चर्चा की गई। कुलदीप जखवाला व शेखर डोगरा ने दुष्यंत चौटाला को भरोसा दिलाया कि जल्द ही संगठन का विस्तार किया जाएगा। संगठन के साथ मेहनती कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा।

## महर्षि कश्यप जयंती समारोह होगा ऐतिहासिक : प्रवीन कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



समाजसेवी प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि इस वर्ष महर्षि कश्यप जयंती समारोह 23 मई को लाडवा में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह समारोह ऐतिहासिक होगा। प्रवीण ने कहा कि इस बार महर्षि कश्यप जयंती को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य मंत्री व वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस पावन अवसर पर बढ़-चढ कर भाग लेने की अपील की। प्रवीन दयालपुर ने कहा कि महापुरुष और ऋषि समाज की सांझा विरासत होते हैं और ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। प्रवीण दयालपुर ने कहा कि हमें चाहिए कि किसी भी स्थान पर किसी महापुरुष की जयंती समारोह आयोजित हो, वहां पर अवश्य जाना चाहिए। प्रवीन ने कहा कि संत महापुरुष किसी विशेष धर्म जाति से संबंध नहीं रखते बल्कि पूरी मानवता को सदमार्ग पर चलने का संदेश देते हैं, इसलिए हमें महर्षि कश्यप जयंती जैसे सभी समारोहों में भाग अवश्य लेना चाहिए। हमें अपने महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनका मान-सम्मान करना चाहिए।

### युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने का आमंत्रण

**कुरुक्षेत्र।** माय भारत, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करने के लिए सक्रिय रूप से जुटा रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान राष्ट्रीय उद्देश्यों, विशेष रूप से आपात स्थितियों और संकटों के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए युवा नागरिकों को सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य एक सुप्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवक बल का निर्माण करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन का पूरक बन सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है।



**पिहोवा।** संगमेश्वर धाम अरूणाय पूजा करते व बगलामुखी धाम के महंत भीम पुरी से आशीर्वाद लेते आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश व अन्य।

### आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश ने की संगमेश्वर धाम अरूणाय व मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना

**पिहोवा।** रिटायर्ड आई.ए.एस. एवं आदमपुर हलके से कांग्रेस के मौजूदा विधायक चंद्रप्रकाश ने संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय एवं मां बगलामुखी धाम धनीरामपुरा में पहुंचकर पूजा अर्चना कर माथा टेका।अरूणाय मंदिर पं. शंभू दत गौतम ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। विधायक चंद्र प्रकाश सहित अनेक श्रद्धालुओं ने संगमेश्वर महादेव पर जल, दूध, दही, घी, शहद, बेलपत्र, फल सहित अन्य सामग्री अर्पित कर अपने एवं परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।विधायक चंद्रप्रकाश ने बताया कि श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग है, जोकि ऋषि मुनियों की कठोर तपस्या के फल स्वरूप धरती से निकले हैं बारे पता चला तो संगमेश्वर महादेव के दर्शन करने को लेकर उनमें श्रद्धा जागृत हुई आज भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट आस्था है। इसके पश्चात विधायक चंद्रप्रकाश ने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना की ओर मंदिर के महंत भीम पुरी महाराज ने उन्हें मांता की चुनरी व नारियल का प्रसाद भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अरूणाय मंदिर के प्रबंधक भूषण गौतम, देव प्रकाश, जगदीश चंद धीमान, परमजीत सिंह पूर्व चेयरर्मन, अजीत सिंह, मनदीप सिंह, गंगाराम, अखिलेश तिवारी सहित अनेकों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस** | डॉ. रूचि जैन एवं डॉ. हिमांशु जैन ने समस्त नर्सिंग कर्मियों को स्नेह पूर्वक किया सम्मानित

# सेवा, सहानुभूति व मानवता का जीवंत रूप हैं नर्स : डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में विश्व नर्सिंग दिवस अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नर्सिंग सेवा की प्रतीक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में हॉस्पिटल के निदेशक एवं प्रमुख न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने नर्सिंग स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि 'नर्सें जीवन रेखा की सच्ची संरक्षक हैं। वे न केवल चिकित्सा प्रक्रिया का अभिन्न अंग हैं, बल्कि मरीजों के आत्मबल और मानसिक स्वास्थ्य की सशक्त आधारशिला भी हैं।' स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रूचि जैन ने कहा कि विश्व नर्सिंग दिवस का यह आयोजन न केवल नर्सिंग समुदाय को सम्मानित करने का माध्यम है, बल्कि उनके सेवा और समर्पण के जरिए स्वास्थ्य सेवा में दिए गए अमूल्य योगदान को भी उजागर करता है। नर्स केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, सहानुभूति और मानवता का जीवंत रूप हैं। इनके स्नेहिल स्पर्श, धैर्य और अटूट समर्पण से असंख्य जीवन में उम्मीद की किरण जगती है। हस्पताल के समर्पित नर्सिंग स्टाफ ने एक साथ मिल कर उत्सव का केक काटा और इस विशेष अवसर पर डॉ. रूचि जैन एवं डॉ. हिमांशु जैन द्वारा समस्त नर्सिंग कर्मियों को स्नेहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रवि गुप्ता, डॉ.अमिता गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. प्रीति, नर्सिंग कोऑर्डिनेटर मोनिका सहित सभी नर्सिंग व सहयोगी स्टाफ की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

## आयुर्वेदिक अस्पताल में मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के अस्पताल परिसर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस दिवस मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने शिरकत की। इस मौके पर कुलपति प्रो.धीमान ने नर्सिंग स्टाफ के योगदान की सराहना करते हुए फूल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि एक तपस्या है। रोगी की सेवा में जो प्रेम, सहानुभूति और धैर्य नर्स दिखाती हैं, वह चिकित्सा प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। आयुर्वेद में परिचारक को उतना ही महत्वपूर्ण माना गया है, जितना वैद्य को। इससे पहले अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी ने कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. वैद्य सुरेंद्र सिंह सहरावत, नर्सिंग मैटर्स सुपरिटेंडेंट सुमन खन्ना, लत्ता रानी, लीना, हरप्रीत कौर, कुसुम लत्ता, कल्पना, सपना सैनी, रजनीश, सर्वजीत, पूजा, मधुबाला, मंजूबाला, सपना रानी, अनीता सिंह, भूमिका, बनीता और पुरुष नर्सिंग ऑफिसर अमन कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम शाश्वत सांगवान ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस शिविर में आई समस्याओं को एसडीएम ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्राथमिकता से हो समस्या का समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविरों में जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं अधिकारी उन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। साथ ही यदि किसी शिकायत का निदान करने में कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो उस बारे भी प्रार्थी को अवगत करवाएं। समाधान शिविरों को लगाएं जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की शिकायतों का तीव्रता से समाधान किया जाए। उपायुक्त सोमवार को शिविर के तहत आमजन की शिकायतों को सुनने का काम कर रहें थे। इस मौके पर उनके साथ एसीयूटी राहुल कंवरिया मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू व रोहन को गिरफ्तार किया है। समलेहड़ी के गोविंद सिंह ने 8 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सोनू, रोहन तथा अन्य ने उसके भतीजों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।

### बिजली दरबार 13 मई को लगाया जाएगा

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 13 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल करेंगे।

### भाजपा के वयोवृद्ध नेता बी के नैयर का निधन

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी जिला पंचकूला के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व में जिला अध्यक्ष रहे बी के नैयर का गत रात्रि पंचकूला सेक्टर 17 के उनके निवास पर 90 वर्ष की आयु में निधन निधन हो गया। बी के नैयर के निधन का समाचार सुनते ही से पार्टी नेताओ एवं कार्यकर्ताओ में शोक की लहर दौड़ गयी। देर रात तमाम पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उनके आवास पर जुटने लगे। जिला प्रधान अजय मित्तल ने बताया, आज सुबह 11:30 बजे मनीमाजरा शवदाह गृह में पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन किया जाएगा।

---

### कालपी गांव में स्थित सरकारी स्कूल के सामने समस्या

# निकासी न होने से नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर जमा, छात्रों को परेशानी

ग्रामीण बोले नहीं हो रहा समस्या का समाधान, सरपंच बोलेफंड न होने के कारण समस्या

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना**

कालपी गांव में स्थित सरकारी स्कूल के सामने कालपी-साहा मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। परिणामस्वरूप, नाले का गंदा पानी सड़क पर फैलकर लगातार जमा हो रहा है। इससे स्कूली बच्चों, स्टाफ और स्थानीय राहगीरों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या कोई नई नहीं है बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। कई बार पंचायत व ग्राम सरपंच को शिकायतें दी गईं लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। हालात यह हैं कि स्कूल खुलते और बंद होते समय बच्चों सहित स्टाफ को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर समस्या समाधान की मांग की है। ग्रामीण मनदीप, ऋषि पाल , सुरेश पाल, सुरेन्द्र सिंह, ज्ञान चंद, मेजर सिंह, नरेश कुमार, गुलाब सिंह, अंकित, जसबीर, गोलु, जशन ने बताया कि बारिश हो या न हो, नाले की निकासी बाधित होने के कारण हर समय सड़क पर पानी भरा रहता है। यह पानी सड़ने के कारण तेज दुर्गंध फैलाता है और मच्छरों का प्रकोप भी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों के खतरे से लोग भयभीत हैं। कई बार छोटे बच्चे गंदे पानी में फिसलकर गिर भी चुके हैं। यह न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि सुरक्षा का भी सवाल बन गया है। उन्होंने बताया कि कई बार सरपंच को समस्या बताई है लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया । स्थानीय लोग करीब ढ़ाई साल से इस समस्या का सामना कर रहे है।



मुलाना। गली में खड़ा गंदा पानी दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द समाधान किया जाएगा

फंड न आने के कारण समस्या समाधान नहीं हो पाया । सफाई कर्मी भी वहां पर कार्य नहीं करते । समस्या समाधान के लिए कई जगह लिखित भी दिया हुआ है। इस समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।
-रिंकू, सरपंच, कालपी



अंबाला। नदी में जेसीबी खुदाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बरसाती सीजन से पहले टांगरी नदी की खुदाई शुरू, बाढ़ से बचाव के लिए हो रहा काम

**अंबाला।** मानसून से पहले टांगरी नदी की खुदाई शुरू हो गई है। टांगरी नदी को आठ से दस फीट तक खोदकर गहरा किया जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग की तरफ से तीन जेसीबी मशीनों सहित आठ टिप्पर लगाए हैं। नदी से निकली मिट्टी को नेशनल हाईवे अपनी परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल कर रही है। टांगरी नदी की खुदाई शुरू होने से आसपास बसी कॉलोनी के वासियों से राहत की सांस ली है। उन्हें उम्मीद है कि पिछले वर्ष की भांति उन्हें इस वर्ष जलभराव और बाढ़ की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। नदी की खुदाई के साथ ही किनारों के तटबंध को पक्का करने का काम भी शुरु किया जाएगा। इसे लेकर भी जल्द की कार्रवाई शुरु हो जाएगी। वहीं चंदपुरा से लेकर टांगरी पुल तक लगभग डेढ़ एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर भी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस टुकड़े के मिलने से चंदपुरा पुल से लेकर टांगरी नदी के पुल तक दोनों किनारे के तटबंध पक्का हो जाएंगे और फिर टांगरी नदी का पानी रिहायशी क्षेत्रों में नहीं घुस पाएगा। मानसून से पहले टांगरी नदी से पानी की निकासी सुचारु ढंग से हो सके। इसके लिए नगर परिषद की टीम भी लगातार नजर बनाए हुए है। पिछले दिनों कार्य संभालते ही नगर परिषद की अध्यक्ष ने टांगरी नदी किनारे बसे वार्ड के पार्षदों से इस संबंध में मंत्रणा की थी। इसके बाद सिंचाई विभाग से भी विचार-विमर्श किया गया था।



मुलाना। नाले का निर्माण कार्य दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीणों ने नाले के निर्माण पर ऐतराज जताया

- ग्रामीणों का आरोप नाले के निर्माण में हो रही है भारी गड़बड़ी जांच की लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना**

नेशनल हाईवे-344 पर दोसड़का के पास सर्विस लेन किनारे बनाए जा रहे नाले को लेकर लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि नाले के निर्माण में गड़बड़ी हो रही है। नाला कहीं से सीधा तो कही मोड़ दिया गया है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने ग्राम सरपंच को भी मौके पर बुलाया और नाला दिखाया। यहां रहने वाले परमजीत सिंह, विनोद, गुरविन्द्र ग्रेवाल, जसवंत सिंह , रमेश सैनीं, फुल सिंह, संजीव कुमार , रमन सैनीं अन्य ने आरोप लगाया कि नाला सीधा न बनाकर टेढ़ा-मेढ़ा बनाया जा रहा है। कुछ दुकानों के आगे नाले की दिशा जानबूझकर सड़क की ओर ज्यादा कर दी गई है, जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि निर्माण में पक्षपात हो रहा है। उन्होंने बताया कि नाले का निर्माण कार्य पारदर्शी ढंग से होना चाहिए लेकिन यहां मनमानी की जा रही है। नाले देखने मात्र से स्पष्ट हो जाता है कि नाला बनाने में पक्षपात किया जा रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से इस मामले की जांच कराने और निर्माण कार्य को सही करवाने की मांग की है ताकि असुविधा न हो।

#### रंजिश के कारण शिकायत

नाला सही मानकों से ही बनाया जा रहा है। जमीन के हिसाब से ही नाला बनाया जाता है। जमीन में कर्व आने के चलते नाले को भी अंदर बाहर किया जाता है। वहां दुकानदारों की आपसी रंजिश है। जिसके चलते वो शिकायतें करते है। -केपी सिंह,
टीम लीडर, एनएचएआई

---

## बुलेट से पटाखे बजाने वालों पर कार्रवाई

- पुलिस ने चलाया अभियान: बिना नंबर प्लेट वाले वाहन पकड़े

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा**

पुलिस द्वारा क्षेत्र में बीते दिनों लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें सुरक्षित व जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने की अपील की गई। इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद राणा और चौकी इंचार्ज विश्वबंधु ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में बुलेट मोटरसाइकिलों में अनाधिकृत रूप से पटाखे (साइलेंसर मॉडिफिकेशन) लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे बुलेट मोटरसाइकिल चालकों के चालान भी काटे जाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर ये वाहन जब्त भी किए जा सकते हैं।

चौकी इंचार्ज विश्वबंधु ने बताया कि क्षेत्र में कई लोग बिना नंबर प्लेट वाले वाहन लेकर सड़कों पर घूमते रहते हैं, जो कि कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि अब ऐसे वाहनों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा और नियमों की अवहेलना करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



बराड़ा। बाजार में वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारी।

#### जनता सहयोग करे

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से सहयोग की अपील की और कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, सीमित गति, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने जैसी आवश्यक सावधानियों का पालन करने को कहा।

## कॉलेज रोड पर युवक को गोली मारी

- पुलिस ने फरार कार सवारों के खिलाफ केस दर्ज किया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़**

गवर्नमेंट कॉलेज रोड पर दो स्कॉर्पियो कार सवारों में झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे कार सवार पर गोली भी चला दी। गोली कार सवार के कंधे में लगी। जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ वितेश को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान सर्जरी के जरिए पीड़ित के कंधे से गोली निकाली गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो मालिक व अन्य के खिलाफ आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में यहां के रहने वाले एक आरोपी राजीव को भी गिरफ्तार किया है। घायल वितेश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह सरकारी पीजी कॉलेज नारायणगढ़ का छात्र है। 10 मई की रात नौ बजकर 30 मिनट पर वह दोस्त खुशविंद्र और अनिल कुमार के साथ स्कॉर्पियो कार में सवार होकर कॉलेज रोड पर जा रहा था। जैसे ही वे मोंटी समोसे वाली की दुकान के पास पहुंचे तो कुल्लड़पुर गांव की तरफ से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में कार का शीशा क्षतिग्रस्त होने के बाद नीचे उतरकर आए युवकों ने बहस शुरू कर दी। अभी तीन युवकों से झगड़ा हो ही रहा था कि एक अन्य कार आए युवक ने पिस्तौल निकालकर फायर कर दिया। बता दें कि कस्बे में तीन माह में गोली चलने का यह पांचवां मामला है।



नारायणगढ़। गोली लगने की वजह से जख्मी युवक। फोटो : हरिभूमि

---

## समस्याओं का जल्दी समाधान हो



बराड़ा। शिविर में अपनी समस्या का हल करवाती महिला। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा**

- उपमंडल अधिकारी अमित भारद्वाज ने सुनी समस्याएं

उपमंडल अधिकारी अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। यदि कोई मामला दस्तावेजी जांच अथवा प्रक्रिया से जुड़ा हो, तो भी उसका समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय, बराड़ा के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं।

## धूमधाम से मनाई गुरु अमरदास जयंती

- रागी जत्थों ने गुरवाणी का किया प्रचार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

श्री गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति बहबलपुर ने बडी धूमधाम तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास की जयंती श्री गुरु ग्रंथ साहिब की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर साहिबजीत सिंह और गुरमन्नत कौर तथा बच्चों ने गुरबाणी की कक्षाएं लगाई। कीर्तन का संचालन किया। इस गुरमत समागम में बुड्ढा दल निशाना वाले कथावाचक सरदार हरप्रीत सिंह ने बच्चों को श्री गुरु अमरदास के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू साहिब जी का जन्म 5 मई 1479 ई. को गांव बासरके में हुआ था। उन्होंने बताया कि गुरु के पिता जी का नाम तेजभान और माता जी का नाम लखमी देवी था। इस अवसर पर अध्यक्ष बीबी भूपिंदर कौर, सचिव बाबा महान सिंह पटियाला, सुखविंदर सिंह बहबलपुर बडौला, स्वरूप सिंह, मनिंदर सिंह बडौला, सेवादार जगतार सिंह, अमृतपाल सिंह और सरबजीत कौर अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस संस्था के अध्यक्ष ज्ञानी बाबा ठाकुर जी संस्था में बहुत सहयोग दे रहें हैं।



अंबाला। गुरु अमरदास जयंती पर गुरूवाणी का प्रचार करते रागी जत्थे। फोटो : हरिभूमि

---

## गोरखनाथ मंदिर की आधारशिला रखी

- गांव तंदवाल में उत्साह के साथ मनाया गया प्रकट उत्सव, भजन और कीर्तन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा**

बैसाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव तंदवाल में शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ का प्रकट उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नाथ योगी समाज सहित आसपास के अनेक गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन लोगों द्वारा किया गया, जिसमें नाथ समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में नाथ समुदाय के समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल (फरीदाबाद), प्रेम होली , विद्या सागर तंदवाल , संतोष तंदवाल , युवा नेता प्रदीप जोगी (करनाल), सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहतास राणा , ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन कुलराज शर्मा, डीएसपी रमेश चंद (सेवानिवृत्त), जोगी समाज के पूर्व प्रधान राजकुमार जोगी तथा मदन होली ने विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर योगी तेजपाल ने गुरु गोरखनाथ मंदिर की आधारशिला रखी, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक क्षण बताया। शाम के समय दीप प्रज्ज्वलन कर गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की गई और भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



बराड़ा। कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### फिलाडेल्फिया अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन

## नर्सिंग दिवस पर छात्राओं ने बिखेरी धमक

- छात्राओं ने प्रदर्शनी भी लगाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला**

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस/" के उपलक्ष्य में फिलाडेल्फिया अस्पताल स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा रंगारंग एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के निदेशक डॉ . सुनील सादिक ने कार्यक्रम की अगुवाई की। कार्यक्रम की शुरुआत रेव. अडेनो अब्राहम द्वारा प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद अस्पताल क्वायर द्वारा विशेष गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. युक्ता एवं डॉ. ब्लेसी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।डॉ. सुनील सादिक़ ने कार्यक्रम की शुरुआत में सभी को स्कूल ऑफ़ नर्सिंग के 101 साल पूरे होने की बधाई दी एवं कोरोना काल में नर्सों के द्वारा किये गए अभूतपूर्व कार्यों की मिसाल देते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। साथ ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल का भी परिचय देते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रंखला में सुश्री हिमांशी एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल एवं युगल नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। सुश्री एरिका, पलक, मेहक, तरण ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुश्री नवदीप एवं समूह ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नर्सिंग सेवा की महत्ता को रेखांकित किया गया।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मेयर शैलजा सचदेवा ने उपस्थित होकर नर्सिंग समुदाय को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया एवं समाज में मिशन अस्पताल के अभूतपूर्व योगदान को भी सराहा 1 नर्सिंग स्कूल की प्राचार्या इवलिन मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया एवं समापन प्रार्थना एवं आशीर्वचन पुनः रेव. अडेनो अब्राहम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई।



अंबाला। अतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे पर मौजूद फिलाडेल्फिया अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ निदेशक के साथ। फोटो : हरिभूमि

**खोया-पाया**

मैं प्रदीप कुमार पुत्र सोहन लाल निवासी मकान नं. बी-99 पारसवनाथ सिटी सैक्टर 35 करनाल, सूचित करता हूं कि मेरे प्लॉट की सेल डीड नं. 753/1 दिनांक 21.05.2003 जोकि रेलवे रोड कुरूक्षेत्र पर कहीं दिनांक 13.01.2025 को गुम हो गयी है। इसको ढूंढने की काफी कोशिश की किन्तु यह कोशिश व्यर्थ रही। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट आवेदन नंबर 132320772500616 द्वारा कर दी गई है। किसी को यह मिलती है तो फोन नंबर 9253240005 पर संपर्क करे।